पत्रांक 1/74/नीलामी/09–10–स्मा0 - 1007
भारत सरकार
भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण
पटना अंचल, जे0 सी0 रोड

01 SEP 2026

पटना, दिनांक

## मत्स्य (मछली) पालने एवं पकड़ने के अधिकार निविदा–सह–नीलामी सूचना

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण उप अंचल, सासाराम के संरक्षित स्थल शेरशाह सूरी का मकबरा, सासाराम के तालाब **(क्षेत्रफल 18.70 एकड)** से मछली पालने, पकड़ने एवं उसकी साफ–सफाई हेतु **(जैसा है वैसा ही के आधार पर)** दिनांक **15.09.2026 से 14.09.2028** (दो साल) की अवधि के लिए मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

**नोटः– निविदा सह निलामी तालाब स्थित शेरशाह सूरी मकबरा के तालाब, सासाराम का दो वर्षो यानि दिनांक 15.09.2026 से दिनांक 14.09.2028 के लिए आधार मूल्य (Reserve Price) रूपया 38,50,000/–(अड़तीस लाख पचास हजार रूपये मात्र)**

इच्छुक उम्मीदवार बोली लगाने हेतु इस बावत नियम व शर्ते तथा निविदा प्रपत्र **500–(पॉच सौ रूपया मात्र)** का भुगतान कर (जो लौटाया नहीं जाएगा) संरक्षण सहायक का कार्यालय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, उप अंचल, सासाराम से दिनांक **01.09.2026 से 07.09.2026** तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। इसके अलावा इस कार्यालय के वेवसाइट www.asipatnacircle.gov.in द्वारा भी निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा काता है। वेवसाइट से निविदा प्रपत्र करने की स्थिति में रूपये 500/– मात्र का डी०डी० (निविदा राशि) अधीक्षण पुरातत्वविद्, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना मंडल पटना जिसका भूगतान किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक पटना के नाम देय हो, जमा करना होगा। **( निविदा प्रपत्र के साथ एक सरकारी प्रमाणपत्र की छायाप्रति जैसे आधारकार्ड, वोटर आई०डी० या अन्य सरकारी फोटो पहचानपत्र संलग्न करें।**) सभी निविदा प्रपत्र दिनांक **08.09.2026** को **12:00 बजे अपराह्न** तक अधीक्षण पुरातत्वविद्, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना मंडल, जे0 सी0 रोड, अण्टा घाट, पटना के कार्यालय में जमा करना होगा जो उसी दिन **12:30 बजे अपराह्न** में अधीक्षण पुरातत्वविद् के कार्यालय कक्ष में उपस्थित निविदा दाताओं/बोली लगाने वाले के समक्ष खोली जाएगी और बोली लगायी जाएगी।

प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ **50,000/– रूपये (पचास हजार रूपय) मात्र** का डिमान्ड ड्राफ्ट (अर्नेस्ट मनी) **अधीक्षण पुरातत्वविद्, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना मंडल, पटना**, जिसका भुगतान किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक पटना के नाम देय हो, जमा करना होगा। बिना अर्नेस्ट मनी की निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदा–सह–नीलामी में उच्चतम राशि बोलने वाले सफल व्यक्ति को प्रस्तावित राशि का **50 प्रतिशत तत्काल तथा 50 प्रतिशत** एक सप्ताह के अन्दर जमा करना होगा। भुगतान निर्धारित समयावधि में जमा नहीं करने पर उनकी निविदा रद्द कर दी जाएगी। सफल निविदा प्राप्तकर्ता को अर्नेस्ट मनी की राशि निविदा की निर्धारित अवधि दिनांक **14.09.2028 के बाद लौटायी** जाएगी।

अधीक्षण पुरातत्वविद् ने जनहित में, निविदा काल के दौरान आवश्यकता पड़ने पर, किसी भी शर्त को परिवर्तन करने का अधिकार तथा किसी भी निविदा या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखा है। निविदा विपत्र इस कार्यालय का बेव साईट www.asipatnacircle.gov.in द्वारा भी प्राप्त किया जा सकता है।

हरि ॐ
31.8.2026
अधीक्षण पुरातत्वविद्
2103